# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

शनिवार
9 ,मई , 2026

वर्ष 2, अंक 95 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com







## आचार्य चंदना जी के तप, सेवा और त्याग को श्रद्धापूर्वक किया गया याद




राजगीर (अपना नालंदा)। शहर के सरस्वती भवन में शनिवार को वीरायतन की संस्थापिका एवं पद्मश्री से सम्मानित आचार्य चंदना जी महाराज की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों से जुड़े लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का माहौल पूरी तरह श्रद्धा, आध्यात्म और मानव सेवा के संदेश से ओतप्रोत रहा।

इस अवसर पर जगतगुरु विश्वकर्मा शंकराचार्य दिलीप योगी ने कहा कि आचार्य चंदना जी ने सेवा, शिक्षा और मानवता के कार्यों के माध्यम से राजगीर को वैश्विक आध्यात्मिक पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा और मानव कल्याण को समर्पित रहा।

वीरायतन की मुख्य संरक्षिका डॉ. साध्वी संप्रज्ञा ने कहा कि आचार्य चंदना जी का त्याग, करुणा और तपस्वी जीवन आने वाली पीढ़ियों को सदैव मानव सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। वहीं साध्वी साधना ने कहा कि उन्होंने नारी शक्ति, शिक्षा, सेवा, साधना और संस्कारों का जो संदेश समाज को दिया, वह आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी है।

विधान पार्षद रीना यादव ने कहा कि आचार्य चंदना जी ने आध्यात्म, सेवा और सामाजिक समरसता के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन में नई चेतना जगाने का कार्य किया। नगर परिषद की मुख्य पार्षद जीरो देवी ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना के माध्यम से नई पीढ़ी को उनका जीवन त्याग, अनुशासन और मानव कल्याण की अनुपम मिसाल बन गया है।

सिलाव की मुख्य पार्षद जय लक्ष्मी ने कहा कि उनके दिखाए सेवा, शिक्षा और संस्कारों के मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जदयू जिला उपाध्यक्ष सुवेन्द्र राजवंशी ने कहा कि आचार्य चंदना जी ने समाजसेवा औ सकारात्मक दिशा प्रदान की। आयोजनकर्ता सुधीर कुमार उपाध्याय ने कहा कि उनका सादा जीवन, उच्च विचार और सेवा भाव सदैव लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

वीरायतन के महाप्रबंधक अंजनी कुमार ने कहा कि आचार्य चंदना जी का योगदान मानव सेवा और वीरायतन के इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उन्होंने बताया कि आचार्य चंदना जी द्वारा देश और दुनिया में 26 शिक्षा केंद्र स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से हजारों लोगों को शिक्षा और संस्कार मिल रहे हैं।

पूर्व प्राचार्य प्रो. ब्रह्मदेव उपाध्याय ने कहा कि उन्होंने शिक्षा, संस्कार और सेवा के माध्यम से समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत किया। शिक्षक जयनन्दन पाण्डेय ने कहा कि आचार्य चंदना जी का व्यक्तित्व करुणा, आध्यात्म और मानव कल्याण का अद्वितीय संगम था।

सभा के अंत में उमराव प्रसाद निर्मल, गोलू यादव, आरपी साहू, अनूप जैन, बादल उपाध्याय, वीरेंद्र यादव, एहतेशाम मलिक सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर आचार्य चंदना जी महाराज को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## रोजगार योजनाओं से युवाओं को मिलेगा नया अवसर, उद्योगों से जुड़ने का आह्वान



संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। युवा रोजगार एवं कौशल विभाग, बिहार पटना के तत्वावधान में शुक्रवार को नालंदा समाहरणालय स्थित हरदेव भवन सभागार में जागरूकता कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और उद्योगपतियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (PMIS), राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (NAPS) तथा मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना जैसी रोजगारोन्मुखी योजनाओं की जानकारी देना था।कार्यक्रम का उद्घाटन युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निदेशक सुनील कुमार, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, बिहार कौशल विकास मिशन के समन्वयक संजय कुमार तथा जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।मुख्य अतिथि सुनील Kumar ने योजनाओं के उद्देश्य, लाभ और युवाओं के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने स्थानीय उद्योगपतियों से इन योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

बिहार कौशल विकास मिशन के समन्वयक संजय कुमार ने मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने योजनाओं की कार्यप्रणाली समझाते हुए युवाओं से स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की।

कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी एवं निजी आईटीआई संस्थानों के प्राचार्य, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय अधिकारी, उद्योगपति तथा करीब 200 प्रतिभागी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में जिला नियोजन कार्यालय के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फर्जी दरोगा बन दो वर्षों से वसूली करता शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थे





बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले की लहेरी थाना पुलिस ने पुलिसकर्मी बनकर वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाले एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी खाकी वर्दी पहनकर खुद को पुलिस अधिकारी बताता था और यातायात नियम उल्लंघन के नाम पर लोगों को डराकर मोटी रकम ऐंठता था। पुलिस ने उसके पास से पुलिस की वर्दी, जूते, कैप समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं।

लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि गुरुवार शाम गश्ती के दौरान नाजो मॉल के पास एक टोटो चालक ने पुलिस टीम को सूचना दी कि एक युवक खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसे बंधक बनाए हुए है। चालक ने आरोप लगाया कि युवक चालान काटने के नाम पर उससे 25 हजार रुपये मांग रहा था तथा उसे बिहार थाना और लहेरी थाना क्षेत्र में लगातार घुमा रहा था।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन गश्ती दल ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां निवासी विपिन पासवान के रूप में हुई।मोबाइल जांच में आरोपी की पुलिस वर्दी वाली कई तस्वीरें मिलीं। इसके बाद उसके घर छापेमारी में पुलिस ने कई सेट वर्दी, जूते और कैप बरामद किए। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह डेढ़-दो वर्षों से फर्जी पुलिसकर्मी बनकर बाइक और टोटो चालकों से ठगी कर रहा था। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

## वज्रपात और आंधी-तूफान से पांच मौतें, मुख्यमंत्री ने जताया गहरा शोक


पटना (अपना नालंदा)। राज्य में वज्रपात और आंधी-तूफान की घटनाओं में पांच लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वज्रपात से भोजपुर में एक तथा पटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं आंधी-तूफान और तेज वर्षा के दौरान पेड़ गिरने से पटना में दो तथा वैशाली में एक व्यक्ति की दबकर मौत हो गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है, ताकि पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने पर लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

उन्होंने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और बिजली कड़कने या तेज आंधी के समय खुले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी। राज्य सरकार ने संबंधित जिलों के प्रशासन को भी सतर्क रहने और आपदा से प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# प्रतापुर में निकली भव्य कलश यात्रा, गूंजे जयघोष और भक्ति के स्वर




थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड के प्रतापुर गांव में शुक्रवार को श्री सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह रासलीला एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत भक्ति ज्ञान कथा यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। सुबह 11 बजे निकली इस कलश यात्रा में हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार, भक्ति गीत और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

आचार्य हेमंत भानु एवं चंदन पाण्डेय के निर्देशन में कलश यात्रा प्रतापुर गांव से शुरू होकर थरथरी, रायपुर और कोयल विगहा होते हुए सूर्य मंदिर पहुंची। वहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कलश में जलभरी की और पुनः यज्ञ स्थल पर लौटे।

सात दिवसीय महायज्ञ के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका साध्वी किशोरी द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। वहीं गोकुल से आई रासलीला टीम भगवान



श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं की प्रस्तुति देगी। प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से रात्रि 12 बजेतक भागवत कथा, रासलीला, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा।

यह कार्यक्रम सीआईएसएफ के सुरंजन शर्मा के नेतृत्व में मंदिर समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। मौके पर उप प्रबंधक अभय शर्मा, सचिव गुड़िया देवी, सुमन शर्मा, विपिन शर्मा, सागर शर्मा, लखन शर्मा, कन्हैया शर्मा, आदर्श, वंटी, मोहन, विट्टू, चुनचुन, चंदन, नारायण शर्मा, चंदन शर्मा और गुलशन मिस्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सरमेरा गोलीकांड में पुलिस का शिकंजा तेज, तीन आरोपी भेजे गए जेल




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सरमेरा थाना क्षेत्र के चेरो गांव में हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है, जबकि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चेरो गांव निवासी मिथिलेश यादव, चंदन यादव और सुनील यादव के रूप में हुई है। सभी आरोपी सरमेरा थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार घटना के बाद से ही आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई थी।

थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि 6 मई 2026 की शाम चेरो गांव में दो गुटों के बीच विवाद के बाद जमकर गोलीबारी हुई थी। गोली चलने की घटना से गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था। इसके बाद लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की निगरानी भी बढ़ा दी गई है।










# थरथरी में योजनाओं के बंटवारे पर बवाल, प्रमुख पर पक्षपात के गंभीर आरोप



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड में पंचायत समिति की विकास योजनाओं के वितरण को लेकर विवाद गहरा गया है। पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख पर मनमानी, पक्षपात और अपने करीबी प्रतिनिधियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत भेजी है।

मामले को लेकर उप प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार, आस्था पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कौशल कुमार सहित कई सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीआरओ, जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में योजनाओं के कार्यान्वयन में कथित गड़बड़ी और राशि के बंदरबांट की शिकायत की गई है।

पंचायत समिति सदस्य कौशल कुमार ने आरोप लगाया कि प्रमुख अपनी दबंगता का इस्तेमाल करते हुए अपने चहेते पंचायत समिति सदस्यों को करोड़ों रुपये की योजनाएं आवंटित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नारायणपुर पंचायत में करीब चार करोड़ रुपये की योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है। वहीं जैतीपुर, कच्छड़िया, थरथरी एवं आस्था पंचायत के कुछ हिस्सों को भी योजनाओं का लाभ दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आस्था भाग-9, थरथरी भाग-7 और नारायणपुर पूर्वी क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्यों के साथ राशि आवंटन में भेदभाव किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा है। पंचायत समिति सदस्यों ने निष्पक्ष जांच कर सभी क्षेत्रों में समान रूप से योजनाओं का वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है।

साथ ही चेतावनी दी कि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# पचरुखिया मोड़ के समीप सड़क हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। राजगीर सड़क मार्ग पर खोदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पचरुखिया मोड़ के समीप गुरुवार की देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान महम्मदपुर गांव निवासी विनय साव के 20 वर्षीय पुत्र हरेंद्र कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल कायम है।परिजनों के अनुसार हरेंद्र कुमार अपने चचेरे भाई विकास कुमार के साथ पचरुखिया गांव से राजमिस्त्री का काम समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान पचरुखिया मोड़ के पास एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरेंद्र कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि विकास कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।


घटना के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के परिजन ब्रह्मदेव गोप ने बताया कि रात करीब एक बजे से वे लोग अस्पताल परिसर में इलाज के लिए इंतजार करते रहे, लेकिन काफी देर तक कोई स्वास्थ्यकर्मी नहीं पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल कर्मियों द्वारा डीएम का आदेश लाने जैसी बातें कहकर परेशान किया गया। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में गरीब मरीजों की सुनने वाला कोई नहीं है और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।इधर, खोदागंज थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार बाइक के पिकअप वाहन में पीछे से टकराने का प्रतीत हो रहा है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप वैन और क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।









# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सेवा, रक्तदान और मानवता का संदेश गूंजा



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, नालंदा जिला शाखा की ओर से ध्वजारोहण, वृक्षारोपण एवं रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रेड क्रॉस सदस्य, समाजसेवी और गणमान्य लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद कौशलेंद्र कुमार द्वारा रेड क्रॉस ध्वज फहराकर किया गया। उन्होंने संस्था द्वारा संचालित साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रेड क्रॉस केवल सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता को सशक्त बनाने वाला संगठन है।

रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. श्यामबिहारी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को संस्था से जुड़कर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। वहीं सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जिले में नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर, जागरूकता अभियान और सामाजिक सेवा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन एवं पूर्व मेयर सुधीर कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, अंजनी कुमारी, डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. बालमुकुंद प्रसाद, डॉ. इंद्रजीत कुमार, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. वीरेंद्र कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में आजीवन सदस्य बृज बिहारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# रेड क्रॉस स्थापना दिवस पर हिलसा में रक्तदान, मानव सेवा का दिया प्रेरक संदेश



हिलसा (अपना नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उप जिला शाखा हिलसा द्वारा शुक्रवार को स्थापना दिवस समारोह सेवा, समर्पण और मानवता के संदेश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने रेड क्रॉस का झंडा फहराकर किया। इसके बाद भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल, पावापुरी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान कर मानवता की सेवा में आगे आने की अपील की। उन्होंने विश्व रेड क्रॉस दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि यह दिवस रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट की जयंती पर मनाया जाता है और इसका उद्देश्य निस्वार्थ मानव सेवा को सम्मान देना है।


रक्तदान करने वालों में अमित कुमार पटेल, संतोष कुमार पार्थ, डॉ. आशुतोष कुमार मानव, गणेश रजक, राजीव रंजन उर्फ शिव कुमार शर्मा, कौशल मणि सिंह, आर्यन आर्क, रूपेश पटेल, नेपाली सिंह, रितु राज, संजीव कुमार सिंह, आनंद कुमार एवं आशुतोष कुमार गौरी शामिल रहे।

मौके पर नगर अध्यक्ष धनंजय कुमार, राज किशोर प्रसाद, शिवेंद्र कुमार उर्फ आलोक, डॉ. रितेश कुमार तरुण, अभिजीत कुमार, संतोष कुमार, रामशरण सिंह, डॉ. बैदेही, कोमल कुमारी, अभिषेक आनंद, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा, अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा, सुरेश प्रसाद, अफरोज आलम, खुशबू कुमारी, प्रवीण कुमार, राजीव रंजन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।






# ई-शिक्षाकोष में लापरवाही पर प्रधानाध्यापक से मांगा स्पष्टीकरण, कार्रवाई की चेतावनी




अखिलेंद्र कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला शिक्षा विभाग ने ई-शिक्षाकोष ऐप पर नियमित उपस्थिति दर्ज नहीं करने के मामले में उच्च विद्यालय सोनसा, रहुई के प्रधानाध्यापक रविन्द्र प्रसाद से स्पष्टीकरण मांगा है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), नालंदा की ओर से पत्र जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

जारी पत्र में कहा गया है कि विभागीय निर्देशानुसार जिले के सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को ई-शिक्षाकोष ऐप के माध्यम से प्रतिदिन विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करनी अनिवार्य है। इसकी समय-समय पर विभागीय स्तर पर समीक्षा भी की जाती है। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि प्रधानाध्यापक रविन्द्र प्रसाद द्वारा अक्टूबर 025 से मार्च 2026 तक कई दिनों में उपस्थिति 2 दर्ज नहीं की गई। साथ ही कई अवसरों पर विलंब से उपस्थिति दर्ज करने तथा विद्यालय छोड़ने का आउट टाइम अंकित नहीं करने की बात भी सामने आई है।

विभाग ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कहा है कि इस प्रकार की कार्यशैली से विद्यालय संचालन मनमाने ढंग से होने तथा छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने की आशंका प्रतीत होती है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि बिना उपस्थिति दर्ज किए वेतन लेने को सरकारी राशि के दुरुपयोग के रूप में देखा जा सकता है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार से पूछा है कि उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदन क्यों नहीं भेजा जाए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 35 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र से भड़के छात्र, हिलसा में केंद्र बहाल करने की मांग





हिलसा (अपना नालंदा)। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक परीक्षा केंद्र बिहारशरीफ स्थानांतरित किए जाने के विरोध में शुक्रवार को छात्र जदयू नेताओं ने परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर अपनी नाराजगी जताई। छात्र जदयू के प्रदेश महासचिव धर्मपाल राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पटना स्थित विश्वविद्यालय कार्यालय पहुंचा और परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रो. मनोज कुमार को आवेदन सौंपकर परीक्षा केंद्र पुनः हिलसा में निर्धारित करने की मांग की।

छात्र नेताओं ने बताया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई एस.यू. कॉलेज, हिलसा का परीक्षा केंद्र वर्षों से सरदार पटेल कॉलेज, हिलसा में तथा सरदार पटेल कॉलेज का केंद्र एस.यू. कॉलेज में ही बनाया जाता रहा है। लेकिन इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने एस.यू. कॉलेज का केंद्र बिहारशरीफ निर्धारित कर दिया है, जिससे हजारों छात्रों को परेशानी उठानी पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि हिलसा से बिहारशरीफ की दूरी करीब 35 किलोमीटर है। ऐसे में छात्राओं सहित दूरदराज के विद्यार्थियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सुबह परीक्षा होने की स्थिति में छात्रों को समय पर केंद्र पहुंचने में दिक्कत होगी, वहीं आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व की व्यवस्था बहाल की जाए। इस पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रो. मनोज कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि छात्रों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा।






# परिवारवाद के सहारे सत्ता चलाने वालों को जनता देगी जवाब : उपेंद्र विभूति

संजय कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष (व्यवसायिक प्रकोष्ठ) उपेंद्र कुमार विभूति ने बिहार में हुए मंत्रिमंडल गठन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए परिवारवाद और अवसरवाद की राजनीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से समाजवाद और सामाजिक न्याय की राजनीति का दावा करने वाले नेताओं ने जनता को केवल भ्रमित करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, रामविलास पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी जैसे नेताओं ने हमेशा परिवारवाद का विरोध किया, लेकिन अवसर मिलने पर अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाने में पीछे नहीं रहे।

उपेंद्र विभूति ने आरोप लगाया कि बिना किसी जनसंघर्ष और चुनावी परीक्षा के कई नेताओं के पुत्रों को सीधे मंत्री पद तक पहुंचा दिया गया, जो लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल अब केवल सत्ता हासिल करने का माध्यम बनकर रह गए हैं और आम कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अति पिछड़े, दलित और वंचित समाज के नाम पर राजनीति करने वाले नेताओं ने वास्तविक विकास के बजाय अपने परिवारों को मजबूत करने का कार्य किया।

अंत में उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब जागरूक हो चुकी है और आने वाले समय में परिवारवाद तथा सत्ता-लालसा की राजनीति को करारा जवाब देगी।

# TRE-4 अधिसूचना जल्द जारी हो, नए शिक्षा मंत्री से प्रगति आनंद की मांग

संजय कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। प्रगति आइकॉनिक क्लासेस की डायरेक्टर प्रगति आनंद ने 8 मई को आयोजित महा आंदोलन का समर्थन करते हुए बिहार के नए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से TRE-4 अधिसूचना जल्द जारी कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लाखों अभ्यर्थी लंबे समय से शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया की अधिसूचना का इंतजार कर रहे हैं और सरकार को युवाओं की भावनाओं को समझते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

मिथिलेश तिवारी को शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर प्रगति आनंद ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के हित में प्राथमिकता के आधार पर TRE-4 नोटिफिकेशन जारी होना बेहद जरूरी है, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके।

उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी के कारण युवाओं के बीच असमंजस और निराशा का माहौल बन रहा है। ऐसे में नई सरकार और नए शिक्षा मंत्री से अभ्यर्थियों को काफी उम्मीदें हैं। प्रगति आनंद ने विश्वास जताया कि मिथिलेश तिवारी के नेतृत्व में शिक्षा विभाग पारदर्शिता और न्याय के साथ युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

प्रगति आनंद ने बताया कि उनके संस्थान "प्रगति आइकॉनिक क्लासेस" के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं "प्रगति डोरस्टेप एजुकेशन" योजना के तहत लड़कियों को निशुल्क शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सिलाव में मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, तीन नाबालिग समेत चार लड़कियां मुक्त

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के सिलाव नगर पंचायत क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी के चंगुल से चार लड़कियों को मुक्त कराया है। इनमें तीन नाबालिग हैं, जबकि एक युवती वयस्क बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से एक महिला संचालिका समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लड़कियों से जबरन आर्केस्ट्रा में नृत्य कराया जा रहा था।

यह कार्रवाई कमजोर वर्ग अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. अमित जैन के निर्देश पर की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एएचटीयू, सिलाव थाना और महिला थाना की संयुक्त टीम ने 'एसोसिएशन फॉर वॉलेन्ट्री एक्शन' के सहयोग से सिलाव वार्ड संख्या-06 स्थित एक किराये के मकान में छापेमारी की।

जांच में सामने आया कि लड़कियों को मानव तस्करी के जरिए दूसरे राज्यों से लाया गया था और उन्हें जबरन आर्केस्ट्रा में नाचने के लिए मजबूर किया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में दो आर्केस्ट्रा समूहों के संचालकों को भी गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भोजपुर निवासी रोशनी कुमारी, मध्य प्रदेश निवासी अनुप कुमार वंशल, नूरसराय थाना क्षेत्र के धरमपुर निवासी पवन कुमार तथा छत्तीसगढ़ के दुर्ग निवासी धीरज प्रकाश के रूप में हुई है।

इस रेस्क्यू अभियान में एएचटीयू प्रभारी लालमणि दुबे, सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, महिला थानाध्यक्ष पूनम कुमारी, सोहसराय थानाध्यक्ष ब्यूटी कुमारी समेत कई अधिकारी शामिल रहे। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है, जबकि मुक्त कराई गई लड़कियों को संरक्षण में रखकर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# धरमपुर में सयाजी 1018 मक्का की बम्पर पैदावार देख उत्साहित हुए किसान




विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के बाराखुर्द पंचायत अंतर्गत धरमपुर गांव में शुक्रवार को सयाजी सीड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 1018 मक्का की फसल प्रदर्शनी एवं क्रॉप कटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं बीज विक्रेताओं ने भाग लेकर मक्का की उन्नत खेती की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में कंपनी के क्षेत्रीय सेल्स प्रबंधक शम्भू कुमार एवं विपणन पदाधिकारी श्रीनिवास कुमार उपस्थित रहे। प्रगतिशील किसान संजय यादव के खेत में लगे सयाजी 1018 मक्का की क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें अन्य कंपनियों की तुलना में अधिक उत्पादन एवं बेहतर गुणवत्ता देखने को मिली। बम्पर पैदावार को देखकर किसानों में काफी उत्साह देखा गया।

क्षेत्रीय सेल्स प्रबंधक शम्भू कुमार ने किसानों को वैज्ञानिक एवं तकनीकी तरीके से खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संतुलित मात्रा में खाद का प्रयोग तथा जिंक का उपयोग करने से उत्पादन में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि सयाजी 1018 मक्का की खेती में लागत कम आती है और उत्पादन अधिक होता है। इसका दाना नारंगी, वजनदार तथा कम नमी वाला होता है, जिससे बाजार में इसकी अच्छी कीमत मिलती है।

वहीं विपणन पदाधिकारी श्रीनिवास कुमार ने कहा कि सयाजी 1018 मक्का कम पानी एवं अधिक गर्मी को सहन करने में सक्षम है। उन्होंने किसानों से सयाजी सीड्स का 2023 धान लगाने की अपील करते हुए अधिक उपज प्राप्त करने की बात कही।

इस अवसर पर डिस्ट्रीब्यूटर प्रकाश बीज भंडार के राहुल रंजन, विकास कुमार, संतोष कुमार, शैलेन्द्र कुमार, बिट्टू कुमार, आशुतोष कुमार, नरेश सिंह सहित अन्य किसान एवं बीज विक्रेता उपस्थित रहे।

# पतासंग मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक का कहर, बाइक सवार तीन घायल

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भागनबीघा ओपी थाना क्षेत्र के पतासंग मोड़ के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीनों लोग गौतम बुद्ध इंस्टीट्यूट से अपने घर बिहारशरीफ लौट रहे थे। इसी दौरान पतासंग गांव के समीप मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। भागनबीघा ओपी प्रभारी राजकुमार चौधरी ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक के बाएं पैर में गंभीर चोट आई है, जबकि महिला और दूसरे युवक के हाथ-पैर में भी चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रक चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

# मलमास मेला से पहले अंधेरे में डूबा राजगीर, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था फेल



राजगीर (अपना नालंदा)। वैश्विक पर्यटन एवं आध्यात्मिक नगरी राजगीर में 17 मई से शुरू होने वाले राजकीय मलमास मेला की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा मेला को लेकर लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके बावजूद नगर परिषद की लापरवाही के कारण शहर की पथ प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। शहर के चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों और गलियों में करोड़ों रुपये की लागत से लगाए गए हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइटों में आधे से अधिक बंद पड़े हैं, जिससे शाम ढलते ही कई इलाके अंधेरे में डूब जा रहे हैं।





स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने और ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। हालत यह है कि राजगीर-बिहारशरीफ मुख्य मार्ग से लेकर मोहल्लों की गलियों तक अंधेरा पसरा हुआ है। करोड़ों रुपये खर्च कर लगाई गई लाइटें अब केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई हैं। लोगों का कहना है कि कागजों पर मरम्मत दिखाकर खानापूर्ति की जा रही है, जबकि जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

मलमास मेला शुरू होने में अब महज एक सप्ताह का समय बचा है। इस दौरान देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु, पर्यटक और साधु-संत राजगीर पहुंचेंगे। ऐसे में खराब पथ प्रकाश व्यवस्था लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अविलंब सभी बंद पड़े स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने की मांग की है।

समाजसेवी पंकज कुमार ने कहा कि राजगीरपर्यटन और आस्था का वैश्विक केंद्र है, लेकिन यहां की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। करोड़ों खर्च होने के बावजूद सड़कें अंधेरे में डूबी हैं, जो प्रशासनिक जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। वहीं समाजसेवी बागीश भूषण ने कहा कि मलमास मेला बिहार की सांस्कृतिक पहचान है, लेकिन बदहाल व्यवस्था तैयारियों की पोल खोल रही है। उन्होंने कहा कि केवल बैठकों से नहीं, बल्कि जमीनी कार्रवाई से व्यवस्था सुधरेगी।

पूर्व प्रमुख सुधीर कुमार पटेल ने नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि करोड़ों की लागत से लगाए गए हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइट अब शोपीस बनकर रह गए हैं। वहीं युवा राजद के प्रदेश सचिव गोलू यादव ने कहा कि मेला क्षेत्र में अंधेरा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है और प्रशासन को जवाबदेही तय करनी चाहिए।

इधर नगर परिषद, राजगीर के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि इलेक्ट्रिशियन गणपत के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में बंद पड़े सभी स्ट्रीट लाइटों को 15 मई तक मरम्मत कर चालू करने का लक्ष्य दिया गया है। बावजूद इसके स्थानीय लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो मलमास मेला के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




# निशांत-श्रवण को मंत्री बनने पर अरविंद सिंहा ने जताई खुशी, बांटी मिठाइयां



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार को पुनः ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग का मंत्री बनाए जाने तथा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को स्वास्थ्य मंत्री बनाए जाने पर नालंदा जिले में जदयू कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर नूरसराय में परविंदर इंटरप्राइजेज के निर्देशक एवं समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया।

समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों को अब नई गति और नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार जदयू के सबसे भरोसेमंद और अनुभवी नेताओं में गिने जाते हैं। पार्टी और सरकार दोनों में उनकी भूमिका हमेशा संकटमोचक की रही है। लगातार छठी बार मंत्री बनाया जाना उनके बढ़ते राजनीतिक कद और मुख्यमंत्री के अटूट विश्वास का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार वर्ष 1994 में समता पार्टी के गठन के समय से ही नीतीश कुमार के साथ मजबूती से जुड़े हुए हैं और हरराजनीतिक परिस्थिति में पार्टी के प्रति निष्ठावान रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में उन्होंने नालंदा सहित पूरे बिहार में सड़क, नाली, आवास, पेयजल और ग्रामीण आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में कई विकास योजनाओं को गति मिली है, जिसका लाभ गांव-गांव तक पहुंचा है।

अरविंद कुमार सिन्हा ने निशांत कुमार को लेकर कहा कि वे भी अपने पिता की तरह सादगीपूर्ण और बेदाग छवि वाले युवा नेता हैं। युवाओं के बीच उनकी अच्छी पहचान है और स्वास्थ्य मंत्री के रूप में वे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि निशांत कुमार युवाओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करेंगे।


इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में समाजसेवी बबलू कुमार, अविनाश कुमार निराला उर्फ सिक्कू मुखिया, नूरसराय पंचायत के मुखिया कृषणा प्रसाद, पप्पू कुमार, सुधीर कुमार, रजनीश कुमार, गब्बर सिंह, निखिल कुमार तथा गुड्डू पांडेय समेत कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने दोनों नेताओं को बधाई देते हुए बिहार के विकास और जनहित में बेहतर कार्य करने की उम्मीद जताई।

# श्रवण कुमार को मंत्री पद मिलने पर बेन गांव में खुशी की लहर

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन ग्राम निवासी श्रवण कुमार को बिहार सरकार में मंत्री पद मिलने पर गांव में खुशी का माहौल है। मंत्री बनाए जाने की खबर मिलते ही ग्रामीणों और समर्थकों में उत्साह देखा गया। गांव के चौक-चौराहों पर लोग एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए तथा मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया।ग्रामीणों का कहना है कि श्रवण कुमार को मंत्री पद मिलने से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। लोगों ने उम्मीद जताई कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में तेजी आएगी और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा।गांव में पूरे दिन लोगों के बीच मंत्री पद को लेकर चर्चा होती रही। ग्रामीणों ने कहा कि श्रवण कुमार लंबे समय से जनता के बीच रहकर कार्य करते आए हैं और उन्हें मंत्री बनाए जाने से नालंदा जिले का मान-सम्मान भी बढ़ा है। लोगों में खुशी, उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है।

# श्रवण और निशांत के मंत्री बनने से जदयू कार्यकर्ताओं में बढ़ा जबरदस्त उत्साह



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार में श्रवण कुमार और निशांत कुमार को मंत्री परिषद में शामिल किए जाने पर नालंदा जिला जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी ने एक बार फिर समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देकर संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया है।

जदयू नेताओं ने कहा कि श्रवण कुमार पार्टी के स्थापना काल से ही सच्चे सिपाही की तरह कार्य करते रहे हैं। वे लगातार आठवीं बार नालंदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए हैं और उनकी पहचान सेवा, सादगी एवं समर्पण की राजनीति से रही है। उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर, राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण और नीतीश कुमार के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। वहीं निशांत कुमार को शिक्षित, ऊर्जावान औरयुवाओं के बीच लोकप्रिय नेता बताया गया।कार्यकर्ताओं ने कहा कि दोनों नेताओं के मंत्री बनने से छात्र, युवा, महिला और किसानों में नया उत्साह पैदा हुआ है तथा संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास और सुशासन के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

बधाई देने वालों में राजेंद्र प्रसाद, मो. अरशद, डॉ. धनंजय कुमार देव, गुलरेज अंसारी, संजयकांत सिन्हा, रंजीत कुमार, मुन्ना कुमार, मुकेश सिंह, जयराम सिंह, संजय कुशवाहा, डॉ. अरविंद कुमार, शैलेश कुमार, जनार्दन पंडित, अजय चंद्रवंशी, धीरज पटेल, प्रतीम राज उर्फ सन्नी पटेल, संजीत यादव, सुनील रविदास, निरंजना गुप्ता, राहुल कुशवाहा, इमरान रिजवी, मिंटू चौधरी, अरविंद पटेल, पंकज कुमार, सोनी लाल, अमित कुमार रिक्की, धनंजय कुमार, सर्वेश कुमार, शैलेन्द्र गराई, डॉ. सुनील दत्त, विकास शर्मा, राहुल रंजन कुशवाहा, त्रिनयन कुमार, सचिन पटेल, बब्लू पटेल और संजीत पासवान सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जदयू जिला इकाई ने नवनियुक्त मंत्रियों को दी बधाई, जताई खुशी






संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिला जनता दल (यूनाइटेड) परिवार की ओर से बिहार सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। पार्टी नेताओं ने कहा कि मंत्रिमंडल में शामिल सभी नेताओं के अनुभव और कार्यक्षमता से राज्य के विकास को नई गति मिलेगी।

जिला जदयू परिवार ने विशेष रूप से नवनियुक्त मंत्री निशांत कुमार एवं श्रवण कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। नेताओं ने कहा कि दोनों मंत्री लंबे समय से जनता के बीच सक्रिय रहकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इनके मंत्री बनने से नालंदा सहित पूरे बिहार के विकास को मजबूती मिलेगी।

जदयू नेताओं ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एनडीए सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए राज्य को विकास के नए आयाम तक पहुंचाने का कार्य करेगी। साथ ही मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्री जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष मो. अरशद, नगर अध्यक्ष प्रदुम्न कुमार, अरविंद कुमार, विनोद प्रसाद सिंह, रंजीत कुमार, विनय कुमार, संजय पासवान, भवानी सिंह, अजय पटेल, अमित कुमार रिक्की, अखलाक अहमद, राजेंद्र प्रसाद, निशांत चंद्रवंशी, मो. मेराज उद्दीन, आलोक कुशवाहा, रीतेश कुशवाहा, मो. इम्तियाज अंसारी सहित अन्य जदयू कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पटना संभागीय खेल प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय राजगीर का जलवा, खिलाड़ियों ने जीते कई पदक



राजगीर (अपना नालंदा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, आयुध निर्माणी नालंदा, राजगीर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने पटना संभागीय खेल प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। एथलेटिक्स और क्रिकेट समेत विभिन्न खेल विधाओं में विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए कई पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय में खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा उन्हें सम्मानित किया गया।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा सुरभि भारती ने अंडर-14 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। वहीं अंडर-17 वर्ग में श्रेया कुमारी ने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंडर-19 वर्ग में सुप्रिया कुमारी ने लंबी कूद प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा प्रत्युष रंजन ने अंडर-17 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

दूसरी ओर विद्यालय की अंडर-14 क्रिकेट टीम ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम के कप्तान अभिज्ञान हर्ष के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में दमदार खेल का प्रदर्शन किया और संभागीय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। टीम में अभिनव राज, शांतनु राज, आदित्य राज, अभिसार राज, रिशु कुमार, आदित्य कुमार, राजवीर सिंह, गणेश वशिष्ठ, शिवम कुमार एवं अराध्य मिश्रा शामिल थे। खिलाड़ियों के खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना की सभी ने प्रशंसा की।

विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी विद्यालय की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं और शिक्षकों का सम्मान भी बढ़ाते हैं। उन्होंने खेल प्रभारी बिल्टन की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सफलता में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में संरक्षक अमरदीप कुमार (क्रिकेट), शहबाज़ कमाल (वॉलीबॉल), आरती कुमारी (खो-खो), रूबी कुमारी तथा सतीश कुमार (एथलेटिक्स) की भूमिका भी सराहनीय रही। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रेम प्रसंग में शादी के बाद घर छोड़ फरार हुई नवविवाहिता बरामद

कतरीसराय (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के छाछुविगहा गांव से शादी के महज पांच दिन बाद नवविवाहिता के प्रेमी संग फरार होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दस दिनों के भीतर युवती को बरामद कर लिया। मामले को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छाछुविगहा गांव निवासी विनेश कुमार, पिता कारू राम ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी शादी 20 अप्रैल 2026 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार नवादा जिले के शाहपुर निवासी गणेश राम की पुत्री अन्नु कुमारी के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही नवविवाहिता एक मोबाइल नंबर पर लगातार घंटों बातचीत करती थी, जिससे परिवार के लोगों को संदेह होने लगा था।

पीड़ित पति ने आवेदन में बताया कि 2 मई की सुबह करीब 3:30 बजे उसकी पत्नी अचानक घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला, जिसके बाद थाना में शिकायत दर्ज कराई गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मानवीय जांच शुरू की। कांड के अनुसंधानकर्ता संजय दास ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर युवती के परिजनों पर दबाव बनाया गया। इसके बाद युवती स्वयं थाना में उपस्थित हुई।आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद युवती को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में बयान दर्ज होने के बाद बालिग होने के कारण उसकी इच्छा के अनुसार उसे उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# रात में सड़कों पर उतरे एसपी, अपराधियों में मचा खौफ और हड़कंप



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में बढ़ते अपराध पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान खुद मैदान में उतर गए हैं। गुरुवार की मध्य रात्रि उन्होंने सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ शहर के संवेदनशील इलाकों का व्यापक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी की इस सक्रियता से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम लोगों ने इस पहल की सराहना की है।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने उंटा मोड़ के समीप स्थापित नाका संख्या-1 तथा बाजार समिति, राजाबाजार के पास नाका संख्या-2 की सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने रात्रि गश्ती व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर देते हुए ड्यूटी पर तैनातपुलिस अधिकारियों एवं जवानों को सतर्कता, अनुशासन और सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार उंटा मोड़ और राजाबाजार क्षेत्र में पूर्व में छिनतई, शराब तस्करी, हत्या और अन्य आपराधिक घटनाएं होती रही हैं। ऐसे में पुलिस अधीक्षक का देर रात खुद निरीक्षण करना अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब एसपी स्वयं सड़क पर उतरकर निगरानी कर रहे हैं तो अपराधियों का मनोबल निश्चित रूप से टूटेगा।

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद पुलिस अधीक्षक ने एसी/एटी थाना की पुरानी इमारत का भी निरीक्षण किया। इस दौरान भवन की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं का आकलन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी।

# जनता दरबार में गूंजे जमीन, शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे, अधिकारियों को निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में तथा अपर समाहर्ता राजस्व अनिल कुमार सिन्हा ने ग्राम प्लेक्स भवन में लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में कुल 39 आवेदनों की सुनवाई की गई।

जनता दरबार में शिक्षा, स्वास्थ्य, अतिक्रमण, भूमि विवाद, नाली-गली, परिमार्जन एवं आवास योजना से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया गया। प्राप्त आवेदनों में विद्यालय नामांकन से संबंधित तीन मामले, स्वास्थ्य विभाग से जुड़े तीन मामले, अतिक्रमण वाद के पांच मामले, परिमार्जन सुधार के दो मामले, इंदिरा आवास योजना से जुड़ा एक मामला तथा नाली-गली निर्माण से संबंधित दो मामले शामिल थे। इसके अलावा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें भी लोगों द्वारा रखी गईं।

जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद, दाखिल-खारिज और परिमार्जन जैसे मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दरबार के दौरान सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और कई मामलों के समाधान के लिए मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

प्रशासन की इस पहल से लोगों में उम्मीद और विश्वास का माहौल देखा गया।

# सहयोग शिविर से पहले डीएम सख्त, पानी और शिक्षा व्यवस्था पर फटकार




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत सुमेरा पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आरटीपीएस काउंटर, जनसुविधाओं एवं ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही सरकारी सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान आगामी 19 मई को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित सहयोग शिविर आम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, जहां ग्रामीण अपनी शिकायतों एवं लंबित आवेदनों का समाधान प्राप्त कर सकेंगे।निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 6 एवं 10 के ग्रामीणों ने नल-जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत की।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता को कड़ी फटकार लगाई और 24 घंटे के भीतर जलापूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी वार्डों की जांच कर पानी की समस्या दूर करने को कहा।

ग्रामीणों ने राशन कार्ड, पीएम लाभार्थी होने के कारण नाम कटने, सरकारी जमीन की बंदोबस्ती पर्चा एवं पेंशन से जुड़ी समस्याएं भी उठाईं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन लेकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षा विभाग से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आदेश दिया गया।

इसके बाद जिला पदाधिकारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सुमेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कक्षा 2 की पढ़ाई असंतोषजनक पाई गई, जिस पर शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक को कड़ी चेतावनी दी गई। विद्यालय का शौचालय बंद मिलने पर उन्होंने नियमित साफ-सफाई और शौचालय खुला रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीआरडीए निदेशक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, बीडीओ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जहानाबाद में गैस संकट की अफवाह बेबुनियाद, प्रशासन ने लोगों को किया सतर्क




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। शुक्रवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद ने जिले की सभी गैस एजेंसियों की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आम लोगों से पैनिक बुकिंग से बचने की अपील की।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जिले में कार्यरत सभी 19 गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही गैस बुकिंग कराएं ताकि सभी उपभोक्ताओं तक समय पर गैस पहुंच सके।जिला प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के 9 स्थानों पर निरीक्षण किया गया। वहीं अब तक कुल 595 स्थानों पर छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया जा चुका है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थान से अवैध कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06114-2230 जारी करते हुए प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को केवल एक नई शिकायत प्राप्त हुई है। वहीं वैवाहिक कार्यक्रमों में गैस आपूर्ति से संबंधित कोई आवेदन अनुमंडल कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है।प्रशासन ने जनता से अपील की है कि यदि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि उपभोक्ताओं को सुचारु गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सतर्क है।


# शिक्षकों की आवाज बुलंद करने निकलीं डॉ. दिव्या ज्योति, शिक्षा सुधार पर जोर




पटना (अपना नालंदा)। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी डॉ. दिव्या ज्योति ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी यात्रा केवल राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि बिहार के शिक्षक समाज की आवाज को मजबूत करने और शिक्षा व्यवस्था में सार्थक बदलाव लाने का व्यापक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक रूप से सशक्त बनाए बिना शिक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती।

उन्होंने बताया कि विद्यापति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में पटना जिले के विभिन्न अनुमंडलों से आए शिक्षकों और प्राचार्यों को शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद 29 मार्च 2026 को नवादा स्थित लाल बाबू मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में समान वेतन, सेवा सुरक्षा और शिक्षा सुधार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।वहीं 19 अप्रैल 2026 को बिहारशरीफ टाउन हॉल में आयोजित शिक्षक संवाद एवं सम्मान समारोह में राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा की गई। प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. दिव्या ज्योति ने समान कार्य के लिए समान वेतन, सेवा सुरक्षा, पारदर्शी स्थानांतरण एवं प्रोन्नति नीति, महिला शिक्षकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण तथा शिक्षकों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा और छात्रवृत्ति जैसी मांगों को प्रमुखता से रखा।उन्होंने सभी शिक्षकों, प्राचार्यों और शिक्षाविदों को 16 मई 2026 को अशोका टॉवर स्थित चाणक्य फाउंडेशन कैंपस में आयोजित "ग्लोबल आइकन अवार्ड 2026" में भाग लेने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा, "जब शिक्षक मजबूत होगा, तभी शिक्षा और बिहार मजबूत होगा।"

# आयुष्मान योजना में करोड़ों की गड़बड़ी का आरोप, अस्पताल सील करने की उठी मांग



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। जिले के स्वास्थ्य विभाग में कथित भ्रष्टाचार और पांच रुपए में इलाज के दावों को लेकर शुक्रवार को पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने पथरा इंग्लिश स्थित अपने आवास पर प्रेस सम्मेलन आयोजित कर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि धर्मशीला देवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालकों के विरुद्ध मुफस्सिल थाना नवादा में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजबल्लभ प्रसाद ने एफआईआर की प्रति दिखाते हुए कहा कि अस्पताल में आयुष्मान कार्ड की खरीद-फरोख्त और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों रुपए की बीमा राशि हड़पने का मामला सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पांच रुपए में इलाज का प्रचार कर मरीजों और गरीब लोगों को भ्रमित किया जा रहा है तथा स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में सदर अस्पताल नवादा में तैनात कुछ स्वास्थ्यकर्मियों की संलिप्तता की भी आशंका है, जिसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है। इस संबंध में मुफस्सिल थाना नवादा में कांड संख्या 155/2026 दिनांक 7 मई 2026 को प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एफआईआर के अनुसार मामले के सूचक जितेंद्र कुमार, बीओएसएम बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के कर्मी हैं। आरोप है कि फर्जी कागजातों और अवैध प्रक्रियाओं के माध्यम से बीमा कंपनी से स्वास्थ्य बीमा की बड़ी राशि प्राप्त की गई। दस्तावेजों के अनुसार शंभू कुमार, निशांत शर्मा, गौरव कुमार, रोहित कुमार और सिमरन कुमारी समेत कई नामों पर अस्पताल द्वारा करोड़ों रुपए के बीमा दावे किए गए, जिनमें से अधिकांश राशि स्वीकृत और भुगतान भी हो चुका है।

पूर्व मंत्री ने संबंधित जांच अधिकारियों और वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों से मांग की कि धर्मशीला देवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल केंदुआ नवादा के संचालन की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील किया जाए, ताकि सरकारी राजस्व की क्षति रोकी जा सके और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# श्रमिकों और युवाओं के हितों को प्राथमिकता देंगे मंत्री अरुण शंकर प्रसाद




पटना (अपना नालंदा)। बिहार सरकार में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभागीय सचिव दीपक आनन्द, विशेष सचिव सुनील कुमार यादव तथा श्रमायुक्त राजेश भारती ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। समारोह में विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

पदभार ग्रहण करने के बाद मंत्री को विभागीय योजनाओं और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। विभागीय सचिव ने बताया कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों के हित में 16 जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं प्रवासी मजदूरों के लिए दुर्घटना, अपंगता और मृत्यु की स्थिति में सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान भी किया गया है। मृत प्रवासी श्रमिकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक पहुंचाने का खर्च भी सरकार वहन करेगी।मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने बोर्ड के नवीनतम पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक युवाओं, श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों को जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को सरकारी सुविधाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए कैंप लगाकर आवेदन लेने और त्वरित निष्पादन की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बाल श्रम और मानव तस्करी को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

मंत्री ने भरोसा जताया कि अधिकारियों के सहयोग से श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जाएगा।

# स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे निशांत, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



पटना(अपना नालंदा)। बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद मंत्री निशांत कुमार शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला।पार्टी कार्यालय पहुंचने पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री निशांत कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। निशांत कुमार ने भी सभी कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार करते हुए कुशलक्षेम जाना।उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का स्नेह और समर्थन उन्हें जनसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का भरोसा भी उन्होंने उपस्थित लोगों को दिलाया।

इस अवसर पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधायक पन्ना लाल पटेल, दुलाल चंद गोस्वामी, रामानंद मंडल, बबलू मंडल, श्रीमती सोनम सरदार, विधानपार्षद खालिद अनवर, अनिल कुमार एवं वासुदेव कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह के दौरान नेताओं ने मंत्री के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के और बेहतर होने की उम्मीद जताई।


हमारा प्रयास रहता है कि
अपना नालंदा
के पाठकों को बेहतरीन समाचार पढ़ने को मिले।
अपना नालंदा
सत्य, सटीक और निष्पक्ष समाचार
आप पाठकों से अनुरोध है कि
अपना बहुमूल्य सुझाव हमें भेजें,
ताकि अपना नालंदा को और बेहतर बना सकूं।
आपका सुझाव
हमें भेजें
हमारा पता है:
संपादक,
अपना नालंदा
व्हाट्सएप
9031468165


अपना नालंदा
आपका अपना हिंदी दैनिक डिलिटर अखबार
नालंदा की
हर खबर
सबसे पहले
अब अपाका लोकप्रिय हिंदी दैनिक
अपना नालंदा का सभी अंक
www.apnanalanda.com
पर उपलब्ध हैं!
विश्वसनीय
स्थानीय
आपका अपना
अखबार
अपना नालंदा
नालंदा: विकास की नई उड़ान
सभी अंक
एक ही जगह
डाउनलोड करें
आसानी से
पुराने अंक
खोजें आसनी से
ताजा खबरें • निष्पक्ष पत्रकारिता • आपके शहर, आपकी आवाज
जुड़े रहें, अपडेट रहें!


विस्तार से खबर पढ़ने के लिए जाएं
अपना नालंदा
www.apnanalanda.com पर जाएं
NEWS
बिस्तुत खबरों के लिए आज ही बिजिट करें